आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 26 | अंक - 164 | उज्जैन, सोमवार 06 मई 2024 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को मिलेगा छाछ, शरबत ठंडी हवा के लिए रहेगा कूलर, दवाइयों की भी रहेगी व्यवस्था



भोपाल। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि प्रदेश में 7 मई को तीसरे चरण का मतदान होगा। इसके लिए आयोग ने भी तैयारी पूरी कर ली है। मतदान केंद्रों पर पहुंचे मतदाताओं को गर्मी में परेशान न होना पड़े, इसके लिए मतदान केंद्रों पर खास इंतजाम भी किए जा रहे है। जिलों में गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदान केंद्रों पर जलजीरा, आम का पना, छाछ, शरबत, पीने के लिए ठंडा पानी, शामियाना, बैठक व्यवस्था, दवाइयां सहित अन्य व्यवस्थाएं की जा रही है। इसके साथ ही दिव्यांग, बुजुर्ग मतदाताओं को कतार में खड़ा न होना पड़े, उनका तुरंत मतदान हो जाए, इसकी भी व्यवस्थायें की गई हैं।

### *7 मई को 9 लोकसभा क्षेत्रों में होगा मतदान*

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि 9 लोकसभा क्षेत्रों में 7 मई को प्रदेश में तीसरे चरण का मतदान होगा। इसमें भोपाल सहित, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, राजगढ़ और बैतूल लोकसभा क्षेत्र शामिल है।

### *6 मई को रवाना होगा मतदान दल*

7 मई को तीसरे चरण के लिए होने वाले मतदान के लिए सोमवार यानी 6 मई को मतदान दल सभी 20 हजार 456 मतदान केंद्रों के लिए रवाना होगा। मतदान सामग्री वितरण स्थल पर पोलिंग पार्टियों में शामिल अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए भी छाया, ठंडा पानी, दवाइयां, बैठक व्यवस्था सहित अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

### *उत्साह के साथ करें मतदान*

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने 7 मई को होने वाले मतदान के लिए प्रदेश के सभी 9 संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं से उत्साह के साथ मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि मतदान केंद्रों पर आये मतदाताओं को गर्मी में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

## कनाडा सिर्फ आरोप लगाता, सबूत नहीं देता; निज्जर मर्डर केस में जयशंकर ने खूब सुनाया



नई दिल्ली (एजेंसी)। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा लगातार भारत पर आरोप लगाता रहा है। हाल ही में तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद फिर ऐसे बयान तेज हो गए हैं। इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि कनाडा कभी भी कोई सबूत नहीं देता है बल्कि अपने यहां होने वाले अपराधों के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराता है।

उन्होंने कहा, मैंने अभी आने से पहले देखा कि तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वे स्पष्ट रूप से किसी प्रकार की गिरोह पृष्ठभूमि वाले भारतीय हैं। हम पुलिस द्वारा हमें उनके बारे में और अधिक जानकारी देने का इंतजार करेंगे। आम तौर पर यदि आपके पास कोई राजनीतिक एजेंडा नहीं है तो आप सबूत पेश करते हैं।

उन्होंने कहा, कनाडा ने हमें कभी भी कुछ भी नहीं दिया है जिसमें भारत सरकार के शामिल होने की बात साबित होती है। हमने कनाडाई सरकार बार-बार कहा है, यदि आपके पास कुछ है तो कृपया हमें दें। ओडिशा के दो दिवसीय दौरे पर भुवनेश्वर पहुंचे जयशंकर ने कनाडा द्वारा अपराधियों को अपनी सीमाओं के भीतर काम करने की कथित अनुमति देने, उन्हें वीजा और राजनीतिक स्थान प्रदान करने पर चिंता व्यक्त करते हुए ऐसे मामलों में अधिक जानकारी और सबूत की आवश्यकता पर जोर दिया।

## चुनाव आयोग की अनूठी पहल, 23 देशों के 75 प्रतिनिधि लोकतंत्र के महापर्व को देखने भारत पहुंचे



नई दिल्ली। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के सबसे बड़े पर्व लोकसभा चुनाव को देखने के लिए 23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों से जुड़े हुए 75 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि भारत पहुंचे हुए हैं। यह जानकारी रविवार को मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दी। उन्होंने न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कहा कि यह बहुत खुशी और संतुष्टि की बात है कि हमारे निमंत्रण पर 23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों से जुड़े 75 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि हमारे चुनावों को देखने के लिए यहां आए हैं।

राजीव कुमार ने कहा, लगभग दस या उससे अधिक अध्यक्ष और विभिन्न देशों के मुख्य चुनाव आयुक्तों के समकक्ष यहां मौजूद हैं। यह खुलासा करने की हमारी स्थापित नीति के अनुरूप है, मजबूत स्थिति से काम करते हुए कि हमारे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। इसलिए हम उन्हें आमंत्रित किए हैं। वे पांच शहरों और पांच राज्यों में जा रहे हैं और वे बूथों पर भी जाएंगे और देखेंगे कि भारत में लोकतांत्रिक उत्सव कैसे मनाया जा रहा है?

# टीचर ने बेंत से की थी डीवाई चंद्रचूड़ की पिटाई, चीफ जस्टिस ने खुद किया खुलासा



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने अपने बचपने के दिनों को याद करते हुए बताया कि कैसे स्कूल में टीचर उनकी पिटाई किया करते थे। उन्होंने कहा कि उन्हें अभी भी याद है कि कैसे उन्होंने अपने शिक्षक से उनके हाथ पर बेंत न मारने की विनती की थी। मुख्य न्यायाधीश ने यह भी कहा कि उन्होंने अपने माता-पिता को इसके बारे में नहीं बताया। वह इस घटना से काफी शर्मिंदा थे और निशान को छिपाते रहते थे।

मुख्य न्यायाधीश ने शनिवार को काठमांडू में नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किशोर न्याय पर आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए यह बात कही है। उन्होंने कहा, आप बच्चों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं, इसका उनके मन पर जीवन भर गहरा प्रभाव रहता है। मैं स्कूल का वह दिन कभी नहीं भूलूंगा। मैं कोई किशोर अपराधी नहीं था, जब मेरे हाथों पर बेंतें मारी गई थीं। मेरा अपराध सिर्फ इतना थी कि मैंने क्राफ्टवर्क के लिए कक्षा में सही आकार की सुइयां नहीं लाई थी।

उन्होंने कहा, मुझे अभी भी याद है कि वह मेरे हाथ पर नहीं, बल्कि मेरे नितंब पर बेंत मारे। मुख्य न्यायाधीश ने इस बात स्वीकार किया कि इस प्रकरण ने उनके दिल और आत्मा पर एक छाप छोड़ी। उन्होंने कहा कि उन्हें वह पिटाई आज भी याद है। उन्होंने कहा, बच्चों पर उपहास की छाप काफी गहरी होती है।

आपको बता दें कि हाल ही में उनकी अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने 14 वर्षीय बलात्कार पीड़िता की 30 सप्ताह की गर्भावस्था को तत्काल खत्म करने का आदेश दिया था।

## डार्क वेब से बेचता था ड्रग्स, ED की गिरफ्त में आया उत्तराखंड का शख्स; 130 करोड़ रुपये के बिटकॉइन जब्त



नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को कहा कि उसने 130 करोड़ रुपये से अधिक की क्रिप्टोकरेंसी जब्त की है और अमेरिकी अधिकारियों के अनुरोध पर शुरू की गई ड्रग्स तस्करी से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत उत्तराखंड के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। परविंदर सिंह को परिसर की तलाशी के बाद 27 अप्रैल को नैनीताल के हल्द्वानी से हिरासत में लिया गया था।

केंद्रीय जांच एजेंसी ने क्या कुछ कहा- केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि आरोपित डार्क वेब के माध्यम से ड्रग्स बेचता था। ये ज्यादातर यूरोपीय देशों में होती थीं। अमेरिकी अधिकारियों से प्राप्त अनुरोध के आधार पर जांच शुरू की गई थी।

इसमें आरोप लगाया गया कि परविंदर सिंह और उसका भाई बनमीत सिंह कुछ अन्य लोगों के साथ सिंह डीटीओ नामक एक अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी समूह संचालित कर रहा है। वे डार्क वेब बाजारों पर बिक्री कर क्रिप्टोकरेंसी लेनदेन के माध्यम से पैसे जुटाए। आरोपित ने सिल्क रोड 1, अल्फा बे और हंसा जैसे डार्क वेब बाजारों पर लिस्टन नाम का इस्तेमाल किया था।

ईडी को लिस्टन नाम से जुड़े बिटकॉइन प्राप्त हुए जो कुछ और नहीं, बल्कि विभिन्न देशों में मादक पदार्थों की बिक्री के माध्यम से अपराध की आय थी। एजेंसी ने कहा कि अमेरिकी अधिकारी पहले ही हजारों करोड़ रुपये मूल्य के बिटकॉइन जब्त कर चुकी है।

## बिहार के मोतिहारी में करीब 13 लाख रुपये जाली नोट के साथ UP के 2 तस्कर गिरफ्तार

मोतिहारी। बिहार के मोतिहारी जिले में कोटवा थाना की पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम वाहन जांच के दौरान बाइक सवार दो धंधेबाजों को 12 लाख 90 हजार भारतीय जाली नोट के साथ गिरफ्तार किया। दोनों एक बाइक से जाली नोट लेकर कोटवा में रामचन्द्र को डिलीवरी देने के लिए आए थे।

दो धंधेबाजों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस रामचंद्र की खोज कर रही है। गिरफ्तार धंधेबाजों के पास से मिले रामचंद्र के मोबाइल नंबर के आधार पर उसकी खोज की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार धंधेबाजों में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिला के मुकेश राजभर और संतकबीरनगर जिला के दुर्घजोल बखीरा निवासी जमील अख्तर शामिल हैं।

# पुंछ में वायु सेना पर हमले के पीछे लश्कर? साजिद जट से जुड़े 4 गुर्गे रडार पर; बच पाना मुश्किल




नई दिल्ली (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय वायु सेना के काफिले पर हमले में शामिल आतंकवादियों को पकड़ने का अभियान रविवार को दूसरे दिन भी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि जिले के सुरनकोट इलाके में शाहसितार के पास शनिवार शाम हुए हमले में वायुसेना के 5 कर्मी घायल हो गए थे जिनमें से एक ने सैन्य अस्पताल में दम तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों का सफाया करने के लिए शाहसितार, गुरसाई, सनाई और शीनदारा टॉप समेत कई इलाकों में सेना व पुलिस का संयुक्त अभियान जारी है। ऐसा माना जा रहा है कि हमले के बाद आतंकवादी जंगल में भाग गए। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के साथ अब तक कोई संपर्क नहीं हुआ है और सुरक्षाकर्मियों का तलाश अभियान जारी है।

पुंछ में वायु सेना के काफिले पर हमले के पीछे साजिद जट की ओर से ट्रेंड लश्कर-ए-तैयबा के 4 आतंकी थे। रक्षा मामलों से जुड़े सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि घटनास्थल वाले इलाके में साजिद जट गुट से जुड़े करीब 17 आतंकी सक्रिय हैं। सूत्रों ने बताया, पिछले हमलों के बाद SOP डेवलप की गई। सुरक्षा बलों ने जोरदार जवाबी कार्रवाई की तो आतंकवादी भाग गए जिनकी तलाश जारी है। यह घटना शाम के करीब 6 बजे हुई, जब काफिला जारनवाली से वायु सेना स्टेशन के लिए लौट रहा था। माना जा रहा है कि वायुसेना का यह मूवमेंट रडार ऑपरेशन के लिए था।

पुंछ में आतंकी गतिविधियों में हो रही बढ़ोतरी - सुरक्षा अधिकारियों को संदेह है कि पुंछ हमले के पीछे आतंकवादियों के उसी गुट की संलिप्तता हो सकती है, जिन्होंने पिछले साल 21 दिसंबर को बुफलियाज के पास सैनिकों पर घात लगाकर हमला किया था। इस अटैक में 4 सैनिक शहीद हो गए और 3 घायल हुए थे। वायुसेना के काफिले में शामिल ट्रकों में से एक को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा, जिसमें कई गोलियां उसकी विंडस्क्रीन और साइड में लगीं थीं। ऐसा कहा गया कि आतंकवादी,च असॉल्ट राइफलों से लैस थे और हमले के बाद पास के जंगलों में भाग गए। मालूम हो कि राजौरी के पास पुंछ जिले में पिछले 2 वर्षों में कुछ बड़े आतंकवादी हमले हुए हैं।

# कपड़े बन गए मुसीबत, सऊदी अरब ने दी लड़की को 11 साल की जेल; बौखलाया इस्लामिक देश




नई दिल्ली (एजेंसी)। इस्लामिक देश सऊदी अरब ने एक फिटनेस ट्रेनर और महिला अधिकार कर्यकर्ता मनाहेल अल-ओताबी को 11 साल की सजा सुनाई है। रिपोर्ट्स की मानें तो ओताबी का गुनाह यह था कि उसने कथित तौर पर अनुचित कपड़े पहनकर वीडियो बनाए थे। एमनेस्टी इंटरनेशनल और सऊदी अरब में मानवाधिकारों पर काम करने वाली संस्था अल-कस्त के मुताबिक, मनाहेल अल-ओताबी को महिला अधिकारों के पक्ष में दिए बयान के लिए करीब डेढ़ साल पहले गिरफ्तार किया गया था। अब ओताबी की रिहाई की मांग काफी तेज हो गई है।

सऊदी अरब ने लिया है बड़ा ऐक्शन- गौरतलब है कि पिछले दो वर्षों में सऊदी अरब ने दर्जनों लोगों को सोशल मीडिया पर कंटेंट पोस्ट करने से संबंधित मामलों में जेल की सजा सुनाई है। जिनमें से अधिकांश महिलाएं हैं। एमनेस्टी इंटरनेशनल और लंदन स्थित अल-कस्त संगठन का कहना है कि मनाहेल 2017 में सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान द्वारा घोषित सामाजिक और आर्थिक सुधारों के शुरुआती समर्थकों में से थी। मोहम्मद बिन सलमान द्वारा सुधारों की घोषणा के दो साल बाद मनाहेल ने जर्मन आउटलेट डीडब्ल्यू को एक इंटरव्यू दिया था जिसमें उसने कहा कि उसे लगता है कि वह जो चाहे पहन सकती हैं और अपने विचार स्वतंत्र रूप से व्यक्त कर सकती है।

क्या हैं मानाहेल पर आरोप- मनाहेल ने उसी इंटरव्यू में यह भी कहा कि उनका रवैया क्राउन प्रिंस के इस कथन पर आधारित था कि %लोगों को अपनी इच्छानुसार कपड़े पहनने का अधिकार है, लेकिन यह (पोशाक) सम्मानजनक होना चाहिए।% अल कस्त के अनुसार, मुनाहेल पर शुरू में देश के साइबर कानूनों का उल्लंघन करने और महिलाओं से संबंधित कानूनों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया था। अल-कस्त के अनुसार, मनाहेल पर सऊदी अरब के कानूनों खिलाफ सोशल मीडिया पर एक अभियान में भाग लेने, अश्लील कपड़ों में अपनी तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करने, स्नैपचैट पर अबाया पहने बिना दुकानों में जाने की तस्वीरें साझा करने का भी आरोप लगाया गया था।

क्या है सऊदी अरब का कानून- गौरतलब है कि सऊदी अरब के पुरुषवादी कानूनों के तहत, एक महिला के पिता, भाई, पति या बेटे को उसकी शादी, तलाक और बच्चों के बारे में महत्वपूर्ण निर्णय लेने की शक्ति है। अल कास्त के अनुसार, मनाहेल की बहन फौजिया भी इसी तरह के आरोपों का सामना कर रही है लेकिन जब उसे पूछताछ के लिए बुलाया गया तो वह देश छोड़कर चली गई। मनाहेल की गिरफ्तारी के तीन महीने बाद, उसका मामला एक आपराधिक अदालत में भेजा गया। मानवाधिकार संगठनों का कहना है कि आपराधिक अदालत का इस्तेमाल सरकार का विरोध करने वाले शांतिपूर्ण आलोचकों के खिलाफ किया जाता है।

# पाकिस्तान मूल के शख्स ने लंदन में बनाया रिकॉर्ड, जीता मेयर का चुनाव; सुनक की पार्टी की लगातार तीसरी हार




नई दिल्ली (एजेंसी)। लंदन में हालिया संपन्न हुए मेयर चुनाव में एक बार फिर पाकिस्तानी मूल के सादिक खान ने जीत दर्ज कर ली है। वो लगातार तीसरी बार मेयर का चुनाव जीते हैं। इस जीत के साथ ही उन्होंने लंदन में इतिहास रच दिया। उधर, पीएम ऋषि सुनक की पार्टी की मेयर चुनाव में लगातार तीसरी हार है। मेयर चुनाव में दिल्ली मूल के बिजनेसमैन तरुण गुलाटी भी मैदान में थे हालांकि वो जीत नहीं पाए। गुलाटी ने निर्दलीय चुनाव लड़ा था।

लंदन में मेयर पद के लिए 2 मई को मतदान हुआ था। बीते शनिवार को आए चुनाव परिणाम ऋषि सुनक की पार्टी के लिए झटके की तरह थे। उनकी पार्टी को लंदन मेयर चुनाव में लगातार तीसरी बार हार मिली है। वहीं, पाकिस्तान मूल के सादिक खान ने एक बार फिर जीत दर्ज कर ली है।

53 वर्षीय पाकिस्तानी मूल के सादिक खान लेबर पार्टी के उम्मीदवार थे, उन्होंने लंदन में मेयर पद पर हुए चुनाव में 10,88,225 वोट हासिल करके 43.8 प्रतिशत वोट अपने पक्ष में हासिल किए। वहीं, ऋषि सुनक की पार्टी कंजर्वेटिव के उम्मीदवार सुसान हॉल के पक्ष में 8,12,397 वोट पड़ें। सादिक को अपने प्रतिद्वंद्वी से 2,75,000 से अधिक वोट मिले।


तरुण गुलाटी को कितने वोट मिले- महापौर पद के कुल 13 उम्मीदवारों में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में शामिल दिल्ली में जन्मे व्यवसायी तरुण गुलाटी ने 24,702 वोट हासिल किए और 10वें स्थान पर रहे।

उधर, जीत के बाद सादिक ने कहा,''तीसरे कार्यकाल के लिए चुना जाना वास्तव में एक सम्मान की बात है।

### उन्हें नफरत सिखाई जाती है, बच्चों को गाजा में ही बंद रहने दो; अमेरिकी सांसद का बेतुका बयान

नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल और हमास के बीच चल रहे महायुद्ध में गाजावासियों की दुर्दशा को देखते हुए अमेरिकी सरकार फिलिस्तीनी शरणार्थियों को अपने देश में पनाह देने की योजना बना रही है। जो बाइडन सरकार की इस संभावित प्लानिंग पर अमेरिकी सांसद ने आपत्ति जताई है। रिपब्लिकन सीनेटर ने कहा कि यह कदम देश की राष्ट्रीय सुरक्षा को जोखिम में डालने जैसा कदम होगा। उन्होंने कहा कि गाजा के जिन बच्चों को हम अपने यहां लाने की सोच रहे हैं, वहां उन्हें नफरत की शिक्षा दी जाती है।

# रशियन चोकिंग एजेंट क्या है? वो खतरनाक रासायनिक हथियार जो यूक्रेन में हो रहा यूज

नई दिल्ली (एजेंसी)। यूक्रेन से चल रही खतरनाक जंग के बीच व्लादिमीर पुतिन की सेना पर नए आरोप लगे हैं। पुतिन आर्मी पर यूक्रेन में रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल करने का आरोप है। हालांकि यह पहली बार नहीं जो रूस कर रहा हो, लेकिन, इस बार इस्तेमाल यह रासायनिक हथियार बेहद खतरनाक है। इसे प्रथम विश्व युद्ध में भी इस्तेमाल किया गया था। इसे रूस के दुश्मन रशियन चोकिंग एजेंट कहकर बुलाते हैं। कितना खतरनाक है, रूस का यह रासायनिक हथियार, जानते हैं।

रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे महायुद्ध को तीसरे साल में भी जारी है। फरवरी 2022 को शुरू हुए इस युद्ध में रूसी सेना यूक्रेन के शहरों को श्मशान घाट बना चुकी है। लाखों की संख्या में लोग मारे जा चुके हैं। बावजूद इसके न तो रूसी सेना ने अपने कदम पीछे किए हैं और न ही यूक्रेन ने अपने घुटने टेके हैं। यूक्रेन अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों की मदद के दम पर पुतिन की ताकतवर आर्मी और विस्फोटक हथियारों के सामने टिका हुआ है। इस बीच रूसी सेना एक बार फिर अमेरिका समेत पूरी दुनिया के निशाने पर है। अमेरिका ने रूस पर यूक्रेन में रासायनिक हथियारों के प्रयोग करने का आरोप लगाया है।

अगर रूस पर लगे आरोप सही साबित होते हैं, तो यह अंतरराष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन होगा। पहले से ही प्रतिबंधों की बौछार झेल रहे रूस पर एक बार फिर कड़ा ऐक्शन हो सकता है।

# इजरायल से युद्ध के बीच लूटपाट पर उतर आया हमास, गाजा में बैंकों की तिजोरियों पर 580 करोड़ का डाका





नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल से युद्ध के बीच हमास आतंकियों के नया कांड का खुलासा हुआ है। फ्रांसिसी अखबार ने अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया है कि पिछले एक महीने से हमास आतंकी अपने ही देश फिलिस्तीन में बैंकों से करोड़ों रुपए की लूट कर चुके हैं। अखबार का दावा तब सामने आया है जब गाजा में रह रहे कम से कम 25 लाख लोग इजरायली हमलों के बाद भुखमरी में जीने को मजबूर हैं। ये डकैत हमास आतंकियों की एक इकाई बताई जा रही है। इन आतंकियों पर एक महीने के भीतर कम से कम 580 करोड़ रुपए लूटने का आरोप है।

फ्रांसीसी दैनिक अखबार ले मोंडे ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि गाजा के सशस्त्र ग्रुप ने बैंक ऑफ फिलिस्तीन की कई ब्रांच से जमकर लूटपाट की है। बैंक के दस्तावेजों का हवाला देते हुए अखबार ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि एक नहीं बैंक की कई शाखाओं की तिजोरियां साफ कर दी गई हैं। अनुमान के मुताबिक, 70 मिलियन डॉलर (कम से कम 580 करोड़ रुपए) की डकैती डाली गई है। बैंक ने लूटपाट की इन घटनाओं को बेहद गंभीर बताया है।

अखबार का दावा है कि 16 अप्रैल को कर्मचारियों ने रिपोर्ट किया कि बैंक ऑफ फिलिस्तीन की गाजा शाखा में लॉकर से 3 मिलियन डॉलर लूट लिए गए। डकैतों ने तिजोरी वाले कमरे की छत में एक सुराख किया और पूरी की पूरी तिजोरी साफ कर दी।


# बुरे दौर में ऋषि सुनक की पार्टी, क्या जाएगी पीएम की कुर्सी? बढ़ गई है टेंशन



नई दिल्ली (एजेंसी)। ब्रिटेन के विभिन्न हिस्सों में अब स्थानीय चुनाव में पीएम ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को कई क्षेत्रों में बड़ा झटका लगा है। दूसरी ओर, विपक्षी लेबर पार्टी का उदय बढ़ता जा रहा है। इस बार उन्हें 26 फीसदी ज्यादा वोट मिले है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह पहली बार है कि लेबर पार्टी को इतनी बड़ी सफलता मिली है। ब्रिटेन में कंजरवेटिव पार्टी की लोकप्रियता लगभग निचले स्तर पर है, ऐसे में कंजर्वेटिव पार्टी के नेता और ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक पर ज्यादा दबाव आ गया है।

कंजर्वेटिव पार्टी कुल तीन परिषदें हार चुकी है। पार्टी के कम से कम 100 पार्षद हार चुके हैं। हालांकि, कई निर्वाचन क्षेत्रों में नतीजे अभी घोषित नहीं हुए हैं। ब्लैकपूल साउथ संसदीय सीट इस बार लेबर पार्टी ने दोबारा हासिल कर ली है। परिणामस्वरूप सुनक की पार्टी को संसद में एक सीट का नुकसान हुआ। यहां नए सांसद क्रिस वेब ने कंजर्वेटिव पार्टी के डेविड जोन्स को हराया। इसके अलावा रेडडिच, थुर्रोक, हार्टलपूल, रशमूर जैसी सीटों पर लेबर उम्मीदवारों ने स्थानीय चुनाव जीते।

# एयरपोर्ट पर शख्स की पैंट में हो रही थी अजीब हरकत, खुलवाई तो निकले सांप; पुलिस भी हैरान

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में एक युवक की अजीब हरकत सामने आई है। मियामी एयरपोर्ट पर एक शख्स बाहर निकलते हुए अजीब व्यवहार कर रहा था। उसकी पैंट में कुछ अजीब हरकत हो रही थी। जब पुलिस अधिकारियों को शक हुआ तो उन्होंने उसकी पैंट खुलवा ली। अंदर का नजारा देख पुलिस अधिकारी भी हैरान रह गए। उसकी पैंट के अंदर से दो सांप निकले। पुलिस ने तत्काल ऐक्शन लेते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।

संयुक्त राज्य अमेरिका के मियामी में एयर पोर्ट के सुरक्षा अधिकारी उस वक्त हैरान रह गए जब उनका ऐसे यात्री से सामना हुआ जो अपनी पैंट के अंदर सांप लेकर घूम रहा था। उसने पैंट के अंदर एक थैली में सांप छिपाकर रखे थे। अमेरिकी परिवहन सुरक्षा प्रशासन (टीएसए) ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मियामी अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों ने 26 अप्रैल को चेकपॉइंट पर एक यात्री के पैंट में सांपों से भरे बैग निकाले।

जानकारी के साथ, अधिकारियों ने घटना की तस्वीरें भी सोशल मीडिया में पोस्ट की हैं। जिसमें उस व्यक्ति द्वारा अपनी पैंट के अंदर छिपाए गए बैग से दो छोटे सफेद रंग के सांप बरामद किए गए। अधिकारियों ने बताया कि सांपों को फ्लोरिडा के वन्यजीव संरक्षण आयोग को सौंप दिया गया है। जबकि शख्स को अग्रिम पूछताछ के लिए गिरफ्तार कर लिया गया।

# भक्ति-भाव में दिखे CJI चंद्रचूड़, नेपाल में भगवान पशुपतिनाथ का किया दर्शन



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ शुक्रवार को तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर नेपाल पहुंचे, वह नेपाल का दौरा करने वाले पहले सीजेआई बन गए हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ ने नेपाल की राजधानी काठमांडू में पशुपतिनाथ मंदिर का भी दौरा किया और पूजा-अर्चना की। भारत के मुख्य न्यायाधीश और उनकी पत्नी कल्पना दास को सुरक्षाकर्मियों के साथ मंदिर से बाहर निकलते देखा गया। बाद में उन्होंने में नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव से बातचीत की।

नेपाल के सीजेआई ने किया था आमंत्रित

उल्लेखनीय है कि सीजेआई चंद्रचूड़ को नेपाल के मुख्य न्यायाधीश बिश्वोम्भर प्रसाद श्रेष्ठ ने आमंत्रित किया था। त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनके आगमन पर नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश डॉ. आनंद मोहन भट्टराई ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सुप्रीम कोर्ट के प्रवक्ता वेद प्रसाद उप्रेती के अनुसार, यह इतिहास में पहली बार है कि भारत के किसी मौजूदा मुख्य न्यायाधीश ने रिकॉर्ड पर नेपाल की आधिकारिक यात्रा की।

चंद्रचूड़ शनिवार को काठमांडू में केंद्रीय बाल न्याय समिति द्वारा बाल अधिकारों पर आयोजित होने वाली राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य वक्ता थे। उप्रेती के मुताबिक, सीजेआई ने उसी शाम सीजेआई नेपाल के साथ एक मैत्रीपूर्ण बैठक भी की। सीजेआई के सम्मान में रात्रिभोज का भी आयोजन किया गया।

और गहरी हो रही नेपाल-भारत की दोस्ती

इस बीच भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) गिरीश चंद्र मुर्मू ने नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल, नेपाल के वित्त मंत्री बरशमन पुन और नेपाल के महालेखा परीक्षक से मुलाकात की।

## सोने की तस्करी करती थीं अफगान महिला राजनयिक, दुबई से लाते समय मुंबई में पकड़ा 25 किलो सोना




मुंबई। भारत में सबसे वरिष्ठ अफगान राजनयिक जाकिया वारदक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। असल में वह पिछले सप्ताह दुबई से करीब 19 करोड़ रुपये के 25 किलोग्राम सोने की तस्करी करने के आरोप में मुंबई हवाई अड्डे पर पकड़ी गई थीं लेकिन अपने विदेशी राजनयिक होने के चलते वह तब गिरफ्तारी से बच गई थीं।

हालांकि उन्होंने अपने त्यागपत्र का कारण खुद पर हो रहे व्यक्तिगत हमलों एवं लगातार मानहानि होना बताया है लेकिन उनके त्यागपत्र को सोना तस्करी के प्रकरण से ही जोड़कर देखा जा रहा है। वारदक मुंबई में अफगानिस्तान की महावाणिज्य होने के साथ-साथ नई दिल्ली में अफगानिस्तान के कार्यवाहक राजदूत का भी कार्यभार देख रही थीं।

बहुत अफसोस के साथ मैं पांच मई, 2024 से भारत में अफगानिस्तान के वाणिज्य दूतावास और नई दिल्ली दूतावास में अपनी भूमिका से हटने के अपने फैसले की घोषणा कर रही हूं। पिछले एक साल में न केवल मुझे बल्कि मेरे करीबी परिवार और रिश्तेदारों को भी कई व्यक्तिगत हमलों और मानहानि का सामना करना पड़ा है। संगठित रूप से हो रहे इन हमलों ने मेरी भूमिका को प्रभावी ढंग से संचालित करने की मेरी क्षमता को गंभीर रूप से प्रभावित किया है।

## ड्यूटी पर सो गया स्टेशन मास्टर, ग्रीन सिग्नल का इंतजार करता रहा ट्रेन का ड्राइवर; फिर किया ये काम



नई दिल्ली। अक्सर ट्रेन हादसों में देखा जात है कि लापरवाही के कारण ही बड़े हादसे होते हैं। ऐसा ही तीन मई को उत्तर प्रदेश के इटावा के पास उदी मोर रोड स्टेशन पर देखा गया। यहां स्टेशन मास्टर के ड्यूटी पर सो जाने के कारण तीन मई को पटना-कोटा एक्सप्रेस ट्रेन लगभग आधे घंटे तक हरी झंडी का इंतजार करती रही साथ ही कोई अप्रिय घटना से बच गई।

वहीं, अब इस मामले को रेलवे ने गंभीरत से लिया है और स्टेशन मास्टर से लापरवाही का कारण बताने को कहा है। आगरा रेलवे डिवीजन पीआरओ प्रशस्ति श्रीवास्तव ने पीटीआई को बताया कि हमने स्टेशन मास्टर को पत्र जारी किया है और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है।

रेलवे अधिकारियों ने कहा कि उदी मोड़ रोड स्टेशन इटावा से पहले एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण स्टेशन है क्योंकि आगरा के साथ-साथ झांसी से भी प्रयागराज की ओर जाने वाली ट्रेनें इस स्टेशन से गुजरती हैं। सूत्रों के मुताबिक, ट्रेन के लोको पायलट को स्टेशन मास्टर को जगाने और ट्रेन को गुजरने के लिए हरा सिग्नल चालू करने के लिए कई बार हॉर्न बजाना पड़ा।

पीटीआई के मुताबिक, एक सूत्र ने कहा कि स्टेशन मास्टर ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है और चूक के लिए माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि वह स्टेशन पर अकेले थे क्योंकि उनके साथ ड्यूटी पर तैनात पॉइंट्समैन ट्रैक निरीक्षण के लिए गया था।

# मेरे बेटे की हत्या हुई है मीलॉर्ड, CBI जांच का आदेश दें; आरोपी की मां ने HC से लगाई गुहार




नई दिल्ली (एजेंसी)। सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग केस में पकड़े गए चार आरोपियों में से एक पुलिस हिरासत में कथित तौर पर आत्महत्या कर चुका है। महिला ने अपने बेटे के इंसाफ के लिए बॉम्बे हाई कोर्ट का रुख किया है। आरोपी की मां का कहना है कि उनके बेटे की पुलिस कस्टडी के दौरान मौत सामान्य घटना नहीं है, इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए। महिला का आरोप है कि उसके बेटे के साथ पुलिस अधिकारियों ने क्रूरता दिखाई, इतनी यातना दी कि उसकी मौत हो गई। महिला ने सलमान खान को भी आरोपी बनाया है।

सलमान खान के घर बाहर गोलीबारी करने वाले हमलावरों को हथियारों और गोलियों की सप्लाई करने के आरोप में 32 वर्षीय थापन को पंजाब से गिरफ्तार किया गया था। पकड़े गए आरोपियों में तीन पुलिस हिरासत में थे, जबकि एक आरोपी को मेडिकल आधार पर न्यायिक हिरासत में रखा गया था। कुछ दिन पहले अनुज थापन ने पुलिस हिरासत के दौरान कथित तौर पर खुद की जान लेने की कोशिश की, जिसके बाद उसे मुंबई के जीटी अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। इलाज के दौरान थापन की मौत हो गई थी।

अब अनुज थापन की मां ने अपने बेटे की अप्राकृतिक मौत का आरोप लगाते हुए सीबीआई जांच की मांग करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट का रुख किया है। पंजाब के फाजिल्का जिले के सुखचैन गांव की रीता देवी (40) ने शुक्रवार को हाई कोर्ट में याचिका दायर की। याचिका में महिला की तरफ से वकील ने पुलिस पर संगीन आरोप लगाए हैं। आरोप है कि पुलिस ने हमले, पिटाई और क्रूर यातना की वजह से थापन की मौत हुई है।

# पंजाब में चलती रेलगाड़ी से अलग हुआ इंजन, 3 KM दूर पहुंचा; अर्चना एक्सप्रेस के साथ बड़ा हादसा



नई दिल्ली (एजेंसी)। पंजाब में एक बार फिर रेलवे की बड़ी लापरवाही सामने आई है। लुधियाना के खन्ना में पटरी पर दौड़ रही अर्चना एक्सप्रेस का इंजन बोगियों से अलग हो गया और करीब तीन किलोमीटर तक दौड़ता रहा। ट्रैक पर काम कर रहे की-मैन ने शोर मचाया और ड्राइवर को इसकी जानकारी दी। इसके बाद ड्राइवर ने इंजन बंद कर दिया और इंजन को बोगियों से जोड़ा। इस दौरान बड़ा हादसा टला। गनीमत रही कि जिस ट्रैक पर बोगियां खड़ी थी, उस पर उस समय कोई दूसरी ट्रेन नहीं आई, वर्ना हजारों यात्रियों की जान खतरे में पड़ सकती थी। ट्रेन में दो से ढाई हजार यात्री सवार थे।

जानकारी के अनुसार, ट्रेन संख्या 12355/56 अर्चना एक्सप्रेस पटना से जम्मू जा रही थी। सरहिंद जंक्शन पर गाड़ी का इंजन बदला गया। इसके बाद खन्ना में इंजन खुल गया और करीब तीन किलोमीटर तक अकेला ही दौड़ता रहा। यह हादसा आज सुबह 9 बजकर 20 मिनट पर हुआ। ट्रैक पर काम कर रहे की-मैन ने शोर मचा कर ड्राइवर को इसकी जानकारी दी।

ड्राइवर ने इंजन बंद कर दिया। रेलवे अधिकारियों को इस संबंध में सूचित किया गया। ड्राइवर इंजन वापस लाया और फिर उसे ट्रेन से जोड़ा गया। इस हादसे से रेलवे के अधिकारियों में हड़कम्प मच गया। बताया जा रहा है कि बॉक्स और इंजन के बीच का क्लैंप टूट गया, जिससे इंजन अलग हो गया। रेलवे फिलहाल इसका जांच कर रहा है।

इस घटना के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। इंजन खन्ना स्टेशन से काफी आगे निकल गया जबकि यात्रियों से भरे डिब्बे खन्ना से आगे समराला फ्लाईओवर के पास रेलवे लाइनों पर खड़े रहे। ट्रेन कोच अटेंडेंट ने बताया कि ट्रेन अर्चना एक्सप्रेस पटना से जम्मू जा रही थी। सरहिंद जंक्शन पर गाड़ी का इंजन बदला गया। खन्ना में इंजन खुल गया और काफी आगे तक चला गया।

# किशोरी संग दुष्कर्म करने वाले पुलिस कर्मी को जमानत देना जायज नहीं, पीड़िता की मां की याचिका पर शीर्ष अदालत ने सुनाया फैसला



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 13 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के उत्तर प्रदेश के आरोपित पुलिस अधिकारी को जमानत देने के इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश को रद कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि थानाध्यक्ष को जमानत देना उचित नहीं ठहराया जा सकता है। उसने नाबालिग के साथ दुष्कर्म जैसा जघन्य अपराध करने के लिए अपने पद का दुरुपयोग किया।

किशोरी को उसके साथ चार लोगों द्वारा किए गए यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज करने के लिए थाने लाया गया था।जस्टिस एएस बोपन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने गत दो मार्च को इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली पीड़िता की मां की याचिका पर आदेश दिया।

वर्तमान मामले में स्थिति बेहद खराब - शुक्रवार को दिए आदेश में पीठ ने कहा कि वर्तमान मामले में स्थिति बहुत खराब है। मामले में प्रतिवादी नंबर एक थानाध्यक्ष पर थाने में ही नाबालिग के साथ दुष्कर्म जैसा जघन्य अपराध करने का आरोप लगाया गया है। ऐसे में उसके जमानत देने की प्रार्थना पर हाई कोर्ट को और अधिक विचार करना चाहिए था।

जमानत देने को सही ठहराने का नहीं मिला कोई कारण- हमें प्रतिवादी नंबर एक को जमानत देने को सही ठहराने का कोई कारण नहीं मिला। इसके बाद खंडपीठ ने पीड़िता की मां की अपील को स्वीकार कर लिया और हाई कोर्ट के आदेश को रद कर दिया। पीठ ने आरोपित को तुरंत आत्मसमर्पण करने को कहा और अन्यथा की स्थिति में राज्य को उसे पकड़कर न्यायिक हिरासत में भेजने के निर्देश दिए।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश
हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।

विक्रम संवत 2079 पौष कृष्ण तृयोदशी



## संपादकीय

# इस बार फिर महिलाओं को उनका हक नहीं मिला...



नए संसद भवन में पिछले साल पहला संसद सत्र बुलाया गया। तब भारी सस्पेंस के बीच राजनीति में महिला आरक्षण के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित हुआ। बेशक संसद और विधानसभाओं में 33त्न महिला आरक्षण लागू करने की कोई तारीख तय नहीं है, लेकिन उसके बाद यह पहला आम चुनाव है और उस दिशा में ईमानदार पहल की अपेक्षा बेवजह नहीं थी। हालांकि वह उम्मीद पूरी होती नजर नहीं आई। कहते कुछ, करते कुछ- विधेयक पारित होने के बाद पिछले साल के अंत में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए। तब भी राजनीतिक दलों की कथनी-करनी का अंतर दिख गया था। फिर भी उम्मीद थी कि जिस संसद ने महिला आरक्षण पर मुहर लगाई, उसके चुनाव में तो कुछ पहलकदमी दिखेगी। अब नाउम्मीदी का आलम यह है कि पहले दो चरणों में जहां चुनाव हुए, वहां महिला उम्मीदवारों का प्रतिशत मात्र 8 रहा। अगर 7 मई को होने वाले तीसरे चरण को भी जोड़ लें, तो यह आंकड़ा 9त्न तक ही पहुंचता है। अति आशावादी भी यह खुशफहमी नहीं पालना चाहेंगे कि शेष चरणों में यह 33त्न पर पहुंच जाएगा।

वैचारिक बेईमानी- पहले चरण में लोकसभा की 102 सीटों पर वोटिंग हुई। इनमें कुल 1625 उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें से 135 ही महिलाएं थीं। दूसरे चरण में 89 सीटों के लिए कुल 1198 उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें से मात्र 100 महिलाएं थीं। वचनबद्धता 33त्न की और अमल की ईमानदारी 10त्न की भी नहीं! यह वैचारिक बेईमानी नहीं तो और क्या है? देश की आधी आबादी को वोट बैंक मात्र मानने की मानसिकता से राजनीतिक दल कब उबरेंगे?

दक्षिण रहा आगे- पहले चरण में जो 135 महिला उम्मीदवार थीं, उनमें भी राज्य की दृष्टि से सबसे ज्यादा हिस्सेदारी उन्हें तमिलनाडु में मिली। तमिलनाडु में 76 महिलाएं चुनाव लड़ रही हैं। हालांकि राज्य के कुल उम्मीदवारों में उनका प्रतिशत भी 8 ही बैठता है। दूसरे चरण में भी राज्य की दृष्टि से महिला उम्मीदवारी में एक और दक्षिण भारतीय राज्य केरल टॉप पर रहा। केरल में 24 महिला उम्मीदवार रहीं। राजनीतिक दलों की बात करें तो ड्डछ्रक्क ने सबसे ज्यादा 69 महिलाओं को टिकट दिए, जबकि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने 44 को।

मुश्किल लड़ाई- राजनीतिक दलों की कंजूसी के चलते आधी आबादी को उनकी जायज हिस्सेदारी बहुत जल्द और आसानी से मिलने के आसार नहीं दिखते। माना कि अभी तक महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में 33त्न हिस्सेदारी की कोई कानूनी बाध्यता नहीं है, लेकिन क्या राजनीति में वैचारिक वचनबद्धता और नैतिक ईमानदारी का कोई अर्थ नहीं?

नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर संसद में बहस के दौरान और उसके बाद बाहर भी, कमोबेश सभी दलों ने कहा कि महिलाओं को उनकी अरसे से लंबित राजनीतिक हिस्सेदारी मिलनी ही चाहिए। फिर उन्हें टिकट देने में भी ऐसी हीलाहवाली क्यों? क्या इसलिए कि अभी तक संगठन में भी महिलाओं को अग्रिम पंक्ति में नहीं लाया गया है? जो राजनीतिक दल संगठनात्मक ढांचे में महिलाओं को एक-तिहाई हिस्सेदारी नहीं दे सकते वे संसद और विधानसभाओं में दे देंगे, यह दिन में सपने देखने जैसा है। ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल ही देश में एकमात्र ऐसा दल है, जो महिलाओं को 33त्न टिकट देने की अपनी वचनबद्धता पर हर चुनाव में ईमानदारी से अमल करता है।

हक में पक्षपात-महिला प्रतिनिधित्व के नाम पर टिकट पाने वाली महिलाएं भी आम परिवारों से नहीं बल्कि राजनीतिक परिवारों से आती हैं या फिर सेलिब्रिटी मानी जाती हैं। इसके लिए इतिहास के पन्ने भी पलटने की जरूरत नहीं।

# विश्व हास्य दिवस




विश्व हास्य दिवस प्रत्येक वर्ष मई माह के प्रथम रविवार को मनाया जाता है। मनोवैज्ञानिक प्रयोगों से यह स्पष्ट हुआ है कि अधिक हँसने वाले बच्चे अधिक बुद्धिमान होते हैं। हँसना सभी के शारीरिक व मानसिक विकास में अत्यंत सहायक है। जापान के लोग अपने बच्चों को प्रारंभ से ही हँसते रहने की शिक्षा देते हैं। इस समय जब अधिकांश विश्व आतंकवाद के डर से सहमा हुआ है, तब विश्व हास्य दिवस की अत्यधिक आवश्यकता महसूस होती है। इससे पहले इस दुनिया में इतनी अशांति कभी नहीं देखी गई। आज हर व्यक्ति के अंदर कोहराम मचा हुआ है। ऐसे में हंसी दुनियाभर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर सकती है।

### शुरुआत

हास्य दिवस का विश्व दिवस के रूप में प्रथम आयोजन 11 जनवरी, 1998 को मुंबई में किया गया था। विश्व हास्य योग आंदोलन की स्थापना का श्रेय डॉ. मदन कटारिया को जाता है। विश्व हास्य दिवस का आरंभ संसार में शांति की स्थापना और मानवमात्र में भाईचारे और सदभाव के उद्देश्य से हुआ है। इस दिवस की लोकप्रियता हास्य योग आंदोलन के माध्यम से पूरी दुनिया में फैल गई। आज पूरे विश्व में छह हज़ार से भी अधिक हास्य क्लब हैं। इस मौके पर विश्व के बहुत से शहरों में रैलियां, गोष्ठियां एवं सम्मेलन आयोजित किये जाते हैं।

### उद्देश्य

इस समय जब अधिकांश विश्व आतंकवाद के डर से सहमा हुआ है, तब हास्य दिवस की अत्यधिक आवश्यकता महसूस होती है। इससे पहले इस दुनिया में इतनी अशांति कभी नहीं देखी गई। हर व्यक्ति के अंतर आत्मद्वंद्व मचा हुआ है। ऐसे में हंसी दुनियाभर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर सकती है। हास्य योग के अनुसार, हास्य सकारात्मक और शक्तिशाली भावना है, जिसमें व्यक्ति को ऊर्जावान और संसार को शांतिपूर्ण बनाने के सभी तत्त्व उपस्थित रहते हैं।

यह व्यक्ति के विद्युत चुंबकीय क्षेत्र को प्रभावित करता है और व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। जब व्यक्ति समूह में हंसता है तो उत्पन्न सकारात्मक ऊर्जा पूरे क्षेत्र में फैल जाती है और क्षेत्र से नकारात्मक ऊर्जा हटती है।

### हँसना ज़रूरी है

आपके पास दो विकल्प हैं, एक ऐसे लोगों के साथ रहने का है, जो धीर-गंभीर और बोझिलता से भरा हो, दूसरा विकल्प है एक ज़िंदादिल इंसान के साथ रहने का। आप किसे चुनना पसंद करेंगे? ज़ाहिर है कि दूसरा विकल्प ज़्यादा लोगों को पसंद आएगा। क्योंकि कहा ही जाता है कि ÷ज़िंदगी ज़िंदादिली का नाम है, मुर्दादिल क्या खाक जिया करते हैं। इसीलिए हंसना बहुत ज़रूरी है। विश्व भर में एक दिन हंसने के नाम समर्पित है।

लखनऊ के रेलवे स्टेशन से आदमी बाहर निकलता है तो बड़े अक्षरों में लिखे बोर्ड पर नज़र टिकती है- मुस्कुराइए कि आप लखनऊ में हैं। यह वाक्य पढ़ते ही यात्रियों के चेहरे पर मुस्कुराहट फैल जाती है। इस एक वाक्य में लखनऊ की ज़िंदादिली व खुशमिज़ाजी के दर्शन होते हैं। हँसना एक मानवीय लक्षण है, सृष्टि का कोई भी जीवधारी नहीं हँसता, लेकिन एक हम मनुष्य ही हँसने वाले प्राणी हैं, जीवन में निरोगी रहने के लिए हमेशा मुस्कुराते रहना चाहिए। खाना खाते समय मुस्कुराइए, आपको महसूस होगा कि खाना अब अधिक स्वादिष्ट लग रहा है।

### लाभ

हास्य सकारात्मक और शक्तिशाली भावना है, जिसमें व्यक्ति को ऊर्जावान और संसार को शांतिपूर्ण बनाने के सभी तत्त्व उपस्थित रहते हैं।

हंसने से तमाम बीमारियां अपने आप छूमंतर हो जाती है।

मनोवैज्ञानिक प्रयोगों से यह स्पष्ट हुआ है कि अधिक हँसने वाले बच्चे अधिक बुद्धिमान होते हैं। हँसना सभी के शारीरिक व मानसिक विकास में अत्यंत सहायक है। जापान के लोग अपने बच्चों को प्रारंभ से ही हँसते रहने की शिक्षा देते हैं।

मानव शरीर में पेट और छाती के बीच में एक डायफ्राम होता है, जो हँसते समय धुकधुकी का कार्य करता है।

फलस्वरूप पेट, फेफड़े और यकृत की मालिश हो जाती है।

हँसने से ऑक्सीजन का संचार अधिक होता है व दूषित वायु बाहर निकलती है।

नियमित रूप से खुलकर हँसना शरीर के सभी अवयवों को ताकतवर और पुष्ट करता है व शरीर में रक्त संचार की गति बढ़ जाती है तथा पाचन तंत्र अधिक कुशलता से कार्य करता है।

ज़ोर से कहकहे लगाने से पूरे शरीर में प्रत्येक अंग को गति मिलती है, फलस्वरूप शरीर में मौजूद एंडोफ्राइन ग्रंथि (हारमोन दाता प्रणाली) सुचारु रूप से चलने लगती है, जो कि कई रोगों से छुटकारा दिलाने में सहायक है।

दुनिया में सुख एवं दुःख दोनों ही धूप-छाँव की भाँति आते-जाते हैं। यदि मनुष्य दोनों परिस्थितियों में हँसमुख रहे तो उसका मन सदैव काबू में रहता है व वह चिंता से बचा रह सकता है।

### विद्वान विचार

थैकर एवं शेक्सपियर जैसे विचारकों ने भी इस बात की पुष्टि की है कि प्रसन्नचित व्यक्ति अधिक जीता है। मनुष्य की आत्मा की संतुष्टि, शारीरिक स्वस्थता व बुद्धि की स्थिरता को नापने का एक पैमाना है और वह है चेहरे पर खिली प्रसन्नता। आज के इस तनावपूर्ण वातावरण में व्यक्ति अपनी मुस्कुराहट व हँसी को भूलता जा रहा है, फलस्वरूप तनावजन्य बीमारियाँ, जैसे- उच्च रक्तचाप, शुगर, माइग्रेन, हिस्टीरिया, पागलपन, डिप्रेशन आदि बहुत-सी बीमारियों को निमंत्रण दे रहा है।

### मानवता का समन्वय

हास्य एक सार्वभौमिक भाषा है। इसमें जाति, धर्म, रंग, लिंग से परे रहकर मानवता को समन्वय करने की क्षमता है। हंसी विभिन्न समुदायों को जोड़कर नए विश्व का निर्माण कर सकती है। यह विचार भले ही काल्पनिक लगता हो, लेकिन लोगों में गहरा विश्वास है कि हंसी ही दुनिया को एकजुट कर सकती है।

हँसी जीवन का प्रभात है, यह शीतकाल की मधुर धूप है तो ग्रीष्म की तपती दुपहरी में सघन छाया। हँसने से आत्मा खिल उठती है। इससे आप तो आनंद पाते ही हैं दूसरों को भी आनंदित करते हैं। हास-परिहास पीड़ा का दुश्मन है, निराशा और चिंता का अचूक इलाज और दुःखों के लिए रामबाण औषधि है।

# रेंग रहा मुकेश अंबानी की कंपनी का शेयर, 27 पर आया भाव, लगा बड़ा जुर्माना



नई दिल्ली (एजेंसी)। जनवरी महीने में धमाल मचाने के बाद मुकेश अंबानी की कंपनी आलोक इंडस्ट्रीज के शेयर अब सुस्त से पड़ गए हैं। ट`क्सटाइल सेक्टर की इस कंपनी के शेयर ने जनवरी महीने में 39.24 रुपये के स्तर को टच किया था, जो 52 हफ्ते का हाई भी है। हालांकि, इसके बाद शेयर मुनाफावसूली मोड में चला गया और भाव अब 30 रुपये से नीचे है। बीएसई पर अभी शेयर की कीमत 27 रुपये है।

हाल ही में आलोक इंडस्ट्रीज ने स्टॉक एक्सचेंज को बताया कि सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क, दमन आयुक्तालय से एक ऑर्डर मिला है। इस ऑर्डर में कंपनी पर केंद्रीय माल सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 73(9) के तहत 22,508 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। साल 2019 के इस मामले में कंपनी द्वारा इनपुट टैक्स क्रेडिट के अतिरिक्त रिफंड के लिए गलत दावे का आरोप लगाते हुए ऑर्डर पारित किया गया है। आलोक इंडस्ट्रीज ने स्टॉक एक्सचेंज को बताया कि कंपनी ऑर्डर के खिलाफ अपील दायर करने का इरादा रखती है। हालांकि, ऑर्डर के कारण कंपनी के संचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में आलोक इंडस्ट्रीज का नेट लॉस 215.93 करोड़ रुपये हो गया। इससे एक साल पहले मार्च 2023 को समाप्त तिमाही के दौरान लॉस 297.55 करोड़ रुपये का था। इस लिहाज से घाटा कम हुआ है। मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में बिक्री 6.44त्न घटकर 1469.31 करोड़ रुपये हो गई। मार्च 2023 को समाप्त तिमाही के दौरान 1570.48 करोड़ रुपये की बिक्री हुई थी।

मार्च 2024 को समाप्त समूचे वित्त वर्ष की बात करें तो 846.82 करोड़ रुपये का लॉस हुआ है। वहीं, मार्च 2023 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान 880.46 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। इसके अलावा मार्च 2024 को समाप्त वर्ष में बिक्री 21.17त्न घटकर 5509.59 करोड़ रुपये हो गई।

## 1 शेयर पर 240 रुपये का डिविडेंड दे रही है कंपनी, रिकॉर्ड डेट इसी हफ्ते



नई दिल्ली (एजेंसी)। डिविडेंड देने वाली कंपनियों पर दांव लगाने वाले निवेशकों के लिए अच्छी खबर है। इस हफ्ते ओरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज सॉफ्टवेयर लिमिटेड के शेयर एक्स-डिविडेंड ट्रेड करेंगे। कंपनी हर शेयर 240 रुपये का डिविडेंड दे रही है।

1 शेयर पर 240 रुपये का फायदा - ओरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज सॉफ्टवेयर लिमिटेड ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा है कि 5 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर 240 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा। कंपनी ने इस डिविडेंड के लिए 7 मई 2024 की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है।

हर बार भारी-भरकम डिविडेंड देती आ रही है कंपनी- कंपनी हर बार भारी-भरकम डिविडेंड देती आ रही है। एक साल पहले 9 मई को कंपनी एक्स-डिविडेंड ट्रेड की थी। तब कंपनी ने एक शेयर 225 रुपये का डिविडेंड दिया था। बता दें, कंपनी ने पहली बार 2020 में डिविडेंड दिया था। तब योग्य निवेशकों को एक शेयर पर 180 रुपये का फायदा हुआ था।

शेयर बाजार में कंपनी का प्रदर्शन- शुक्रवार को कंपनी के शेयर बीएसई में 0.21 प्रतिशत की तेजी के साथ 7781.05 रुपये के लेवल बंद हुआ था। पिछले एक साल के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 110 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। यानी पोजीशनल निवेशकों का पैसा डबल हो गया है।

## 5 के शेयर को खरीदने की लूट, कर्ज फ्री है कंपनी, अब बोनस शेयर बांटने का ऐलान



नई दिल्ली (एजेंसी)। स्टॉक मार्केट में कुछ ऐसी भी कंपनियां लिस्टेड हैं जिनके शेयर की कीमत 10 रुपये से कम है लेकिन वह अपने निवेशकों को समय-समय पर तोहफे देती हैं। ऐसी ही एक कंपनी- आशीर्वाद कैपिटल लिमिटेड है। इस कंपनी के शेयर की कीमत 5.57 रुपये है। बीते शुक्रवार को यह शेयर अपनी 5.47 रुपये की पिछली क्लोजिंग के मुकाबले 1.83त्न चढ़कर बंद हुआ। इसी साल एक फरवरी को शेयर की कीमत 8.24 रुपये तक गई थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई भी था। वहीं, 26 मई 2023 को शेयर ने 3.27 रुपये को टच किया। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है।

हाल ही में आशीर्वाद कैपिटल लिमिटेड ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज को अपने निदेशक मंडल की बैठक की जानकारी दी है। इसी दौरान कंपनी ने बोनस शेयर के प्रस्ताव के बारे में भी बताया। कंपनी ने एक्सचेंज से कहा- आशीर्वाद कैपिटल लिमिटेड के निदेशक मंडल की बैठक 10/05/2024 को निर्धारित है। इस बैठक में अन्य बातों के अलावा 31 मार्च को समाप्त तिमाही नतीजे की घोषणा की जाएगी। इसके अलावा इक्विटी शेयरों के बोनस इश्यू की घोषणा का प्रस्ताव भी है।

मार्च 2024 के आशीर्वाद कैपिटल लिमिटेड के शेयरहोल्डिंग पैटर्न को देखें तो प्रमोटर्स के पास 51 फीसदी की हिस्सेदारी है। वहीं, पब्लिक शेयरहोल्डर्स के पास 49 फीसदी हिस्सेदारी है। कंपनी के प्रमुख प्रमोटर में शिल्पा पोद्दार, दिनेश पोद्दार शामिल हैं। इन दोनों के पास कंपनी के क्रमश: 10.27 फीसदी और 16.40 फीसदी शेयर हैं।

साल 1985 में वजूद में आई कंपनी आशीर्वाद कैपिटल लिमिटेड एक गैर-बैंक वित्त कंपनी है जो मुख्य रूप से स्टॉक और सिक्योरिटीज में निवेश पर ध्यान केंद्रित करती है। इसकी कारोबारी गतिविधियों में पत्थरों की नक्काशी, पेंटिंग और आभूषण जैसी सजावटी वस्तुओं का निर्माण भी शामिल है।

## विदेशी निवेशकों की नजर देश के चुनाव पर, फूंक-फूंक कर रख रहे हैं कदम



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में आम चुनाव की वजह से विदेशी निवेशक 'देखो और इंतजार करो' की नीति अपना रहे हैं। चालू महीने के पहले दो कारोबारी सत्रों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजारों में सिर्फ 1,156 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

इससे पहले मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि की चिंताओं के कारण अप्रैल में एफपीआई ने 8,700 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। वहीं मार्च में एफपीआई ने शेयरों में शुद्ध रूप से 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का निवेश किया था। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, मई में पहले दो कारोबारी सत्रों में एफपीआई ने शेयरों में 1,156 करोड़ रुपये का निवेश किया है और लोन या बॉन्ड बाजार से 1,727 करोड़ रुपये निकाले हैं।

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक - प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, भारत में आम चुनाव पूरे जोरों पर हैं। विदेशी निवेशकों ने चुनाव नतीजे आने तक 'देखो और इंतजार करो' का रुख अपनाया है।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, अमेरिका में नौकरियों के ताजा आंकड़े अर्थव्यवस्था में सुस्ती का संकेत देते हैं।

## पैसे का कर लीजिए इंतजाम, आ रहा 1000 करोड़ के फ्रेश इश्यू वाला IPO



नई दिल्ली (एजेंसी)। मुथूट फाइनेंस की कंपनी बेलस्टार माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड शेयर बाजार में लिस्टिंग की तैयारी कर रही है। इसी के तहत कंपनी ने सेबी को प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए दस्तावेज दाखिल किए हैं। इसके जरिए कंपनी 1300 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है।

ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) के मुताबिक चेन्नई की इस कंपनी के आईपीओ में 1000 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों के फ्रेश इश्यू शामिल हैं। निवेशक शेयरधारकों द्वारा 300 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) की जाएगी। ओएफएस में डेनिश एसेट मैनेजमेंट फर्म एमएजे इन्वेस्ट का लक्ष्य 175 करोड़ रुपये के शेयर बेचने का है। वहीं, अरुम होल्डिंग्स लिमिटेड (97 करोड़ रुपये) और ऑगस्टा इन्वेस्टमेंट्स जीरो पीटीई लिमिटेड (28 करोड़ रुपये) भी हिस्सेदारी बेच रहे हैं।

कंपनी के आईपीओ प्रबंधन के लिए आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, एक्सिस कैपिटल, एचडीएफसी बैंक और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स को बुक रनिंग लीड मैनेजर के रूप में नियुक्त किया गया है। आईपीओ से हुई कमाई का उपयोग भविष्य की पूंजी जरूरतों को पूरा करने के लिए किया जाएगा और शेष राशि का उपयोग सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किए जाने का प्लान है।

मुथूट फाइनेंस की है कंपनी- बेलस्टार, गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी-माइक्रो फाइनेंस इंस्टीट्यूशन (एनबीएफसी-एमएफआई) है। यह कंपनी मुथूट फाइनेंस की सब्सिडयरी है। मुथूट फाइनेंस बतौर प्रमोटर बेलस्टार माइक्रोफाइनेंस में 66 प्रतिशत से अधिक का हिस्सेदार है। इस कंपनी का लोन मॉडल मुख्य रूप से %स्वयं सहायता समूह% (एसएचजी) मॉडल पर केंद्रित है। दिसंबर 2023 को समाप्त नौ महीनों तक माइक्रोफाइनेंस फर्म ने 1,283 करोड़ रुपये के राजस्व के साथ 235 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है।

## दमानी की कंपनी ने दिखाया दम, 22% उछला प्रॉफिट, अब शेयर पर फोकस



नई दिल्ली (एजेंसी)। डी-मार्ट ब्रांड के तहत आने वाले एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड ने मार्च तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड का नेट प्रॉफिट 22.39 प्रतिशत बढ़कर 563 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 460 करोड़ रुपये रहा था। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कंपनी का प्रॉफिट बढ़कर 2,536 करोड़ रुपये रहा है जो वित्त वर्ष 2022-23 में 2,378 करोड़ रुपये था। कंपनी की कुल आमदनी बीते वित्त वर्ष में बढ़कर 50,789 करोड़ रुपये रही थी, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 42,840 करोड़ रुपये थी।

एवेन्यू सुपरमार्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और प्रबंध निदेशक नेविल नोरोन्हा ने कहा कि डीमार्ट, ईट-और-मोर्टार व्यवसाय ने राजस्व, एबिटा और नेट प्रॉफिट के प्रमुख वित्तीय मापदंडों में वृद्धि के साथ साल का अंत किया। बता दें कि एवेन्यू सुपरमार्ट्स डी-मार्ट स्टोर की मालिक है और इसका संचालन करती है।


दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# राजधानी में घरेलू नौकर अब लोगों के भरोसे को तोड़ रहे हैं, दे रहे है लूट की वारदात को अंजाम

भोपाल। राजधानी में घरेलू नौकर अब लोगों के भरोसे को तोड़ रहे हैं। बिना पुलिस सत्यापन के घर की देखभाल के लिए रखने नौकरों को रखने से आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। पिछले एक माह में नौकर डकैती से लेकर चोरी की वारदात में करने में गिरफ्तार हो चुके हैं। आला अधिकारियों का कहना है कि पुलिस सत्यापन कराने के बाद घर या आफिस में काम करने के लिए कर्मचारी को रखें। इसके अलावा किरायेदारों का सत्यापन कराना बेहद जरूरी है।हम बता दें कि बी सेक्टर शाहपुरा में रहने वाले ज्ञानेंद्र सिंह के घर पर कुछ दिन पूर्व कुछ हथियारबंद डकैत घुसकर 50 लाख के करीब रुपये और सोने व हीरे के आभूषण लूटकर फरार हो गए थे। इस साजिश में पीड़ित परिवार के नौकर लक्ष्मण सिंह कीर के अलावा एक नाबालिग नौकर भी शामिल था। दोनों आरोपित इस परिवार के काफी भरोसेमंद थे। इसी तरह से



टीटीनगर के निशांत इंन्क्लेव में रहने वाले डाक्टर के घर में काम करने वाली नौकरानी ने 55 लाख के जेवर चुरा लिए। 10 साल से वह उनके घर पर काम कर रही थी, लेकिन 15-20 दिन पहले काम छोड़ गई थी। जब डाक्टर की पत्नी ने पहनने के लिए अलमारी जेवर में देखे तो गायब मिले। कुछ दिन पहले ही नौकरानी के पति ने इंटरनेट मीडिया के माध्यम फेसबुक पर फोटो अपलोड की थी, जिसमें वह चोरी के टाप्स पहने थी। इस पर चोरी का मामला सामने आया था। शाहपुरा और टीटीनगर में भी नौकर ने की वारदात

शाहपुरा में डाक्टर और टीटी नगर में उनके घर काम करने वाले कर्मचारियों ने चोरी की वारदात की। शाहपुरा के गुलमोहर डाक्टर के घर से दो लाख चुराए गए। बाद में नौकरानी रूपा रानी को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा टीटी नगर न्यू एमएलए क्वार्टर में रहने वाले विश्वात्मा सक्सेना के घर काम करने वाले लौकर महेंद्र सेन पांच हजार रुपये और मोबाइल चोरी कर फरार हो गया। बाद में पुलिस ने नौकर को गिरफ्तार कर लिया है।

नौकर का कराएं पुलिस सत्यापन

सेवानिवृत्त डीएसपी यूएस तिवारी ने बताया कि घर में किसी काम के लिए कर्मचारी को रखने से पहले उसका पुलिस सत्यापन पुलिस की आनलाइन वेबसाइट या स्थानीय थाने में जाकर जरूर कराएं। इससे पूरा रिकार्ड पुलिस के पास रहेगा। इससे उस पर निगरानी में आसानी होती है, उसका आपराधिक रिकार्ड भी पुलिस निकाल लेती है। इसकी अनदेखा नहीं करना चाहिए।

# अनचाहे काल पर जानकारी देने से बचे- साइबर पुलिस की सलाह




भोपाल। प्रदेश में लगातार साइबर ठग डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर आपराधिक वारदात कर रहे हैं, इसको लेकर साइबर क्राइम पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर लोगों को सावधान रहने की सलाह दी है कि यह साइबर अपराध का नया तरीका है। इसको लेकर सावधान रहने की जरूरत है। हम बता दें कि आनलाइन ठगों ने अब लोगों के साथ ठगी का नया तरीका निकाला है। इसमें यह ठग कुरियर पैकेट में मिले सिम, इंक्स, आधार कार्ड का मिसयूज, मनी लान्डिंग, टेररिस्ट कन्वर्जन में आपके मोबाइल नंबर का इस्तेमाल हो रहा है, जैसी कई ट्रिक से आपको हाउस अरेस्ट कर लेते है।पुलिस स्टेशन जैसे सेटअप से वीडियो काल कर डराया जाता हैं। वेबकैम, स्काईप मोबाइल से वीडियो पर आमने- सामने होकर कई घंटे मकसद पूरा होने तक डर में बांधे रखते हैं। नकली पुलिस अफसरों से भी अलग-अलग नंबरों पर बात कराई जाती है। जबकि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। नागरिक सतर्क रहे। जांच एजेंसियों के नाम से आ रही इस प्रकार के फोन आने से डरकर जमानत के नाम पर अपना ओटीपी न दें या किसी भी खाते में रुपये जमा न कराएं। उनके कहने पर कोई भी ऐप प डाउनलोड ना करें।डिजिटल अरेस्ट में वाट्सएप पर लगवाते हैं हाजिरी डिजिटल अरेस्ट के झांसे में बदमाश इंटरनेट मीडिया के माध्यम वाट्सएप नंबर पर रोजाना हाजिरी भी लगवाते हैं, इसमें व्यक्ति को रोजाना प्रजेंट सर लिखकर ग्रुप पर भेजना होता है। इस प्रकार का कोई फोन आए तो तुरंत स्थानीय पुलिस या फिर ऐसा कोई काल आता है तो 1930 नंबर पर पुलिस को सूचना दें।

# विस्फोट के मामले में हिस्ट्रीशीटर बदमाश मोहम्मद शमीम को ढूंढ रही पुलिस के हाथ खाली है

जबलपुर। खजरी-खिरिया बाइपास स्थित रजा मेटल इंडस्ट्री में 25 अप्रैल को हुए विस्फोट के मामले में हिस्ट्रीशीटर बदमाश मोहम्मद शमीम को ढूंढ रही पुलिस के हाथ खाली है। पुलिस की लंबी छानबीन के बाद भी आरोपित के संबंध में कोई सुराग नहीं मिला है। विस्फोट की घटना से पूर्व में अधारताल थाना में वर्ष 2021 में पंजीबद्ध एक अपराधिक मामले में मोहम्मद शमीम अभी तक फरार है।



तीन वर्ष से फरार आरोपित को अपनी गिरफ्त में नहीं ले सकी पुलिस के लिए अब विस्फोट के बाद शमीम की गिरफ्तारी चुनौती बन गई है। उसकी गिरफ्तारी पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। आरोपित को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस उसके स्वजन और साझेदारों की कुंडली खंगाल रही है। उसके छिपाने के ठिकाने का पता लगाने का दावा कर रही है। विस्फोट के बाद की अभी तक कार्रवाई में पुलिस बमों के खाली खोल निष्क्रिय करने की प्रक्रिया में ही अधिक जुटी नजर आ रही है। वहीं, शमीम का बेटा फहीम और साझेदार सुल्तान जेल में है।

हिस्ट्रीशीटर मोहम्मद शमीम के कबाड़खाने में विस्फोट के बाद भी कई पुराने बम और भारी मात्रा में बमों के खोल मिले हैं। सूत्रों के अनुसार जब्त बमों को निष्क्रिय करने की प्रक्रिया लगातार जारी है। चार दिन में 75 से अधिक विस्फोटक कर कई बमों के खोल को नष्ट किया जा चुका है। बड़ी क्षति से बचने के लिए पुलिस सुरक्षा के बीच छोटे-छोटे विस्फोट कर बमों के खोल निष्क्रिय करने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

डीएनए जांच रिपोर्ट का इंतजार- विस्फोट की तीव्रता अधिक होने और मौके से सुरक्षा संस्थानों के बमों के खोल मिलने पर एनआइए ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की है। विस्फोट के बाद से दो श्रमिक लापता है। मौके से जांच टीम ने अंग के कुछ टुकड़े जब्त किए थे। इनकी और लापता श्रमिकों के स्वजन के डीएनए रिपोर्ट अभी तक नहीं आयी है। इस रिपोर्ट के बाद ही घटना में मृतक की पुष्टि होगी। एसआईटी अब मौके से जब्त किए गए बम के बारूद की भी जांच कराने की तैयारी कर रही है।


## 52 लाख रुपये की अवैध शराब के सरगना को तलाशने राजस्थान पहुंची टीम

ग्वालियर। 52 लाख रुपये की अवैध शराब के सरगना को तलाशने के लिए महाराजपुरा थाने की टीम राजस्थान पहुंची है। राजस्थान में सीकर और अन्य जिलों में पहुंचकर पड़ताल की।

चालक ने जो नाम और पता बताया था, वही स्पष्ट नहीं हुआ है। इससे पुलिस को आशंका है- चालक ने बयानों में उलझाया है। अब काल डिटेल से पुलिस इस नेटवर्क के तार खंगाल रही है। तीन दिन पहले महाराजपुरा थाना पुलिस ने ग्वालियर-डबरा बायपास पर अवैध शराब का जखीरा पकड़ा था। टैंकर के टैंक में अवैध अंग्रेजी शराब भरी हुई थी।

पुलिस ने यहां से करीब 52 लाख रुपये की अवैध शराब जब्त की थी। टैंकर चालक ने बताया था कि अवैध शराब सीकर से लेकर आया था। सीकर में उसने मनीष नाम के युवक को सरगना बताया। उसने बताया था कि वही सरगना है। उसका पता बताया, लेकिन वह गलत निकला है। सीएसपी महाराजपुरा नागेंद्र सिंह सिकरवार ने बताया कि अभी सरगना के बारे में कुछ पता नहीं लगा है। चालक की बात जिन नंबरों पर हुई, उन सभी की काल डिटेल निकालकर पड़ताल की जा रही है।

## सटोरिए ने फांसी लगाकर की आत्महत्या




जबलपुर। ओमती थाना क्षेत्र में रहने वाले सटोरिए ने घर में आत्महत्या कर ली। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल मामले की जांच जा रही है।

जानकारी के अनुसार नेपियर टाउन बारात रोड निवासी सटोरिए विवेक खत्री का शव उसके कमरे में फंदे पर लटका हुआ मिला है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला, हालांकि पुलिस इसे आत्महत्या मान रही है। हाल ही में विवेक खत्री जेल से छूटकर आया था।घर पर अकेला था मृतक

पुलिस के अनुसार नेपियर टाउन निवासी मुरली खत्री का 35 वर्षीय बेटे विवेक खत्री की पत्नी लीशा शनिवार शाम बाजार गई थी। इस दौरान विवेक अपने कमरे में अकेला था। इस बीच ना जाने क्या हुआ कि विवेक अपने कमरे में गया और फांसी लगाकर आत्महत्या कर दी। स्वजन ने विवेक फंदे पर लटकते देखा तो तत्काल उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



# गर्मी का आधा मौसम बीतने के बाद वन विभाग को राष्ट्रीय पक्षी मोर की चिंता हुई



इंदौर। गर्मी का आधा मौसम बीतने के बाद वन विभाग को राष्ट्रीय पक्षी मोर की चिंता हुई है। इन दिनों तापमान 38 से 41 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच चुका है। ऐसे में पशु-पक्षियों में पानी और नमक की कमी होने लगती है। मगर मोरो को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए वन विभाग के पास पैसा नहीं है। यही वजह है कि इस साल मुख्यालय से इंदौर वनमंडल को अभी तक बजट नहीं आवंटित हुआ है।अप्रैल बीतने के बावजूद पर्यावरण शाखा ने भी मोरो के दाना-पानी की व्यवस्था नहीं की है, लेकिन अब इंदौर वनमंडल के डीएफओ ने अन्य मद से राशि खर्च करने का फैसला लिया है। इस संबंध में मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन भी लिया है। इस दौरान प्रत्येक रेंज को मोरों संरक्षण के लिए क्लस्टर को चिन्हित करने पर जोर दिया है।2020 में विभाग ने उन क्षेत्रों को क्लस्टर में शामिल किया है, जहां मोरों की संख्या पांच से अधिक है। एक क्लस्टर में चार गांव रखे है। इंदौर, महू, मानपुर और चोरल के लगभग 80 गांव क्लस्टर से जोड़े है। अधिकारियों के मुताबिक इंदौर जिले में 10 हजार से अधिक मोर हैं। इनके संरक्षण की जिम्मेदारी ग्रामीण और वन समितियों की मदद लेंगे। वनकर्मियों को निगरानी के निर्देश दिए है।यहां नजर आते है मोर

शहर में मालवा मिल, कैट परिसर, मेघदूत गार्डन, रेसीडेंसी, सुदामा नगर और पंचकुइया क्लस्टर बनाए गए हैं। एयरपोर्ट के आसपास और रेसीडेंसी एरिया को वन विभाग ने दो क्लस्टरों में बांटा है।

### वन समिति से लेंगे मदद

मोरों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी पर्यावरण शाखा के पास रहती है। बजट आवंटित नहीं हुआ है। अन्य मद से राशि की व्यवस्था कर मोरों के लिए दाना-पानी उपलब्ध करवाएंगे। वैसे प्रत्येक रेंज की वन समिति से भी मदद लेंगे।

**- महेंद्र सिंह सोलंकी, डीएफओ, इंदौर वनमंडल**

## इंदौर में लोकसभा निर्वाचन का हुआ मतदान प्रारंभ

इंदौर। लोकसभा निर्वाचन के लिए आज से मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। प्रथम चरण में भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 में बुजुर्गों और दि<sup></sup>व्यांगजनों के लिए घर पर ही मतदान की सुविधा प्रदान की। आज से प्रारंभ हुए मतदान में 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता और 40 प्रतिशत बेंचमार्क दि?यांगता वाले दि?यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) ने घर बैठे ही उत्साहपूर्वक रूप से मतदान किया। जिले में 5 और 6 मई को भी उक्त श्रेणी के मतदाताओं से मतदान कराया जायेगा। मतदान के लिए 111 दल बनाये गये हैं।

उक्त दलों को आज के मतदान के लिए सुबह 7 बजे शासकीय मालव कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से मतदान सामग्री वितरित की गई। मतदान दलों ने मतदान के पश्चात कलेक्टर कार्यालय स्थित कोषालय के स्ट्रांग रूम में सुरक्षा के साथ मतपत्र और अन्य जरूरी सामग्री जमा करायी। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करायी जा रही है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 में बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के लिए शुरू की गई इस पहल से लोकतंत्र में इनकी भागीदारी को सुनिश्चित किया जा रहा है। इंदौर जिले में लोकतंत्र के इस महोत्सव के लिये अपार उत्साह देखा गया।

एलआईजी क्षेत्र इंदौर निवासी 100 वर्षीय कमलाबाई ने आज अपने घर से मतदान कर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उसे चलने-फिरने में दिक्कत है, निर्वाचन आयोग द्वारा घर से मतदान करने की जो सुविधा दी गई है वह सराहनीय है। आज घर से वोट करके बहुत अच्छा लगा। उन्होंने बताया कि वे 50 साल से विभिन्न चुनावों में मतदान कर रही हैं। इसी तरह ग्राम कम्पेल की 95 वर्षीय भगवती बाई आनंद राव द्वारा घर से मतदान किया गया। उन्होंने कहा कि मतदान करके बहुत प्रसन्नता हुई। हम बुजुर्ग लोगों के लिए घर में ही वोट डालने की सुविधा दी है यह सर्वोत्तम कार्य है, इसके लिए मैं बहुत ही आभारी हूं।

# मतदान दिवस के कवरेज में शामिल प्राधिकृत पत्रकारों को भी मिली पोस्टल बैलेट से वोट करने की सुविधा

इंदौर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान दिवस के कवरेज में शामिल प्राधिकृत पत्रकारों को भी पोस्टल बैलेट से वोट डालने की सुविधा प्रदान की गई है। इस सुविधा का इंदौर में आज प्राधिकृत पत्रकारों ने उत्साहपूर्ण रूप से लाभ लिया और लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए पहली बार पोस्टल बैलेट से मतदान किया।




उक्त पत्रकारों ने आज होलकर साइंस कॉलेज में बनाये गये फेसिलिटेशन सेंटर में पहुंचकर मतदान किया। निर्वाचन आयोग से प्राप्त प्राधिकार पत्र प्रा?त पत्रकार 8 मई तक सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना जारी कर पत्रकारों के कार्य को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में स्थान देकर यह सुविधा प्रदान की है। यह सुविधा केवल उन पत्रकारों को मिलेगी, जिन्हें निर्वाचन कार्य के कवरेज हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकार पत्र जारी किया गया हो। चुनाव कार्य के कवरेज में संलग्न पत्रकारों से पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिये आवेदन लिए गये थे।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक स्वास्थ्य, गृह (अग्निशमन सेवाएं), ऊर्जा विभाग के अमले सहित निर्वाचन कार्य में संलग्न भारत दिवस के कवरेज में संलग्न भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्राधिकार पत्रधारी पत्रकारों को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में अधिसूचित किया है। इसका आशय यह है कि सेवा में रत रहने की वजह से कोई भी मतदान करने से वंचित न रहे। आयोग की मंशा के अनुरूप अधिसूचित सेवाओं के व्यक्ति पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकेंगे।

# आबकारी अमले की अवैध शराब परिवहन के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही



इंदौर। लोकसभा चुनाव को देखते हुए शराब के अवैध क्रय-विक्रय, परिवहन तथा भण्डारण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह के निर्देशन में आबकारी विभाग के अमले द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में लोडिंग वाहन पिकअप में अनोखे तरीके से खली की बोरियों से कवर कर परिवहन की जा रही 40 पेटी विदेशी शराब जप्त की गई। जप्त सामग्री की कीमत 11 लाख 35 हजार रूपये है। अन्य कार्यवाहियों में कुल 36 प्रकरण पंजीबद्ध कर 369 लीटर मदिरा और 2770 किलोग्राम महुआ लहान भी जप्त किया गया।

सहायक आयुक्त आबकारी श्री मनीष खरे ने बताया कि गस्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर राऊ चौराहा पर नाकाबंदी कर बोलेरो पिकअप क्रमांक स्त्रा-30-ज्र्-3169 को रुकवाया तो ड्राइवर गाड़ी से उतरकर भाग निकला। काफी दूर तक पीछा करने और कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी को पकड़ लिया गया। तत्पश्चात वाहन की तलाशी कराई तो खली की बोरियों के पीछे छिपाकर रखी गई 40 पेटी अवैध शराब बरामद की गई,जिसकी कुल मात्रा 352.8 बल्क लीटर और अनुमानित कीमत 3 लाख 35 हजार 200 रुपए है। इसके साथ तस्करी में उपयोग किए जा रहे 8 लाख कीमत के पिकअप वाहन को भी जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान वाहन से आरोपी नरेंद्र कुमार पिता विष्णु देवड़ा निवासी द्वारका पुरी के पास प्रजापत नगर इंदौर को गिरफ्तार कर अवैध मदिरा का संग्रहण एवं कब्जा होने से आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है ।

पूछताछ में आरोपी नरेंद्र देवड़ा ने मदिरा किसी सचिन यादव उर्फ सचिन शिवहरे के लिए ले जाने का खुलासा किया,जो उसे फोन कर शराब की डिलेवरी का पता बताने वाला था। ड्राइवर के बयान पर अब सचिन यादव की तलाश की जा रही है। अन्य कार्यवाहियों में कुल 36 प्रकरण पंजीबद्ध कर 369 लीटर मदिरा और 2770 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया है जिसका अनुमानित मूल्य 3 लाख 57 हजार 325 रूपये है। अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन, संग्रहण और विक्रय के विरुद्ध आबकारी अमले की प्रभावी कार्यवाहियाँ निरंतर जारी है।

# प्रेस्टीज प्रबंध संस्थान द्वारा विदेश व्यापर पर कार्यक्रम का आयोजन

इंदौर। छात्रों को विदेशी व्यापार की जटिलताओं, इसके ऐतिहासिक विकास और इसके सामाजिक प्रभाव के बारे में शिक्षित करने के उद्देश्य से प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट रिसर्च (पीआईएमआर) द्वारा ÷फ्रॉम पोर्ट टू पोर्ट ए ड्रामेटिक ट्रेड क्रॉनिकल÷ कार्यक्रम आयोजित किया।



इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विदेशी व्यापार की गतिशीलता, इसके विकास और सामाजिक प्रभावों की व्यापक समझ प्रदान करना था। आउटरीच क्लब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की पेचीदगियों पर एक समृद्ध विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एक पैनल चर्चा थी जिसमें औद्योगिक प्रबंधन और प्रशिक्षण, इंदौर के सहायक निदेशक गौरव गोयल तथा ग्लोबल ट्रेड हाउस और प्रशिक्षण केंद्र, इंदौर के निदेशक रजनीश शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की मौजूदा चुनौतियों पर अपने विचार साझे करते हुए भारत और मध्य प्रदेश के निर्यात प्रदर्शन पर प्रकाश डाला। जिसमें सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की भूमिका और विदेशी व्यापार को समर्थन देने वाली सरकारी पहलों पर विस्तृत रूप से चर्चा की।

कार्यक्रम में पीआईएमआर आउटरीच क्लब के छात्रों ने अंकित नंदवाल के मार्गदर्शन में आयात-निर्यात प्रक्रियाओं को स्पष्ट करते हुए एक आकर्षक स्किट का मंचन किया। इस इंटरैक्टिव चित्रण ने उपस्थित लोगों को वैश्विक व्यापार कार्यों की जटिलताओं में व्यावहारिक अंतर्दृष्टि प्रदान की।

प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर, डॉ राक्षा ठाकुर ने कहा कि कार्यक्रम के अंतिम सत्र में इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन हुआ जिसके अंतर्गत छात्रों, वक्ताओं, उद्योग जगत के पेशेवरों और प्रतिभागियों के बीच वैश्विक व्यापार के विभिन्न पहलुओं पर सार्थक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि विदेशी व्यापार पर इस तरह के कार्यक्रम की संकल्पना करने वाली पीआईएमआर शहर की पहली शिक्षण संस्थान है जिसने विदेश व्यापार विभाग के 130 छात्रों के लिए नेटवर्किंग का एक मूल्यवान अवसर प्रदान किया ।

जय श्री महाकाल ...



मृत्युंजय महाकाल त्राहिमाम शरणागतः ,
जन्म मृत्यु जरा व्याधि पीड़ितो कर्म बंधनाह
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर प्रभु सभी को आरोग्यता प्रदान करें।

# संपूर्ण जिले में भ्रमण करेगा मतदाता जागरूकता रथ, कलेक्टर श्री सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




उज्जैन। उज्जैन जिले में मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियां व्यापक स्तर पर जारी हैं। डोर टू डोर जागरूकता , साइकिल रैली, नुक्कड़ नाटक, निबंध , पेंटिंग , पोस्टर इत्यादि गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों में प्रशासनिक अधिकारियों कर्मचारियों के साथ उज्जैन के मीडिया प्रतिनिधि भी अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

इसी क्रम में प्रेस क्लब उज्जैन द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उज्जैन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह और सीईओ जिला पंचायत मृणाल मीना उपस्थित रहें। जिसमें नुक्कड़ नाटक की आकर्षक प्रस्तुति के माध्यम से बाल कलाकारों द्वारा मतदान के महत्व, मतदान करने के लिए जरूरी दस्तावेज और ईवीएम से मतदान करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

जागरूकता कार्यक्रम में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी मतदाताओं को 13 मई को अनिवार्य रुप से मतदान करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मतदाता जागरूकता रथ संपूर्ण जिले का भ्रमण कर मतदाताओं में जागृति फेलाएगा। रथ के साथ बाल कलाकारों की टीम भी भ्रमण करेगी ,जिनके द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान के महत्व का संदेश दिया जाएगा।

इस अवसर पर आईएएस श्री गोविंद मीणा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री सिद्दीकी, प्रेस क्लब अध्यक्ष विशाल हाडा और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्वामी मुस्कुराके और आभार प्रदर्शन जितेन सिंह ठाकुर ने किया।

# 33वें अंतरराष्ट्रीय दाई दिवस पर अपंग आश्रम में दूध, ब्रेड का वितरण



उज्जैन। 33वें अंतरराष्ट्रीय दाई दिवस एवं समाजसेवी जाहिद नूर के जन्मदिन पर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा अपंग आश्रम में आश्रम वासीयो को दूध, ब्रेड का वितरण किया गया और आश्रम वासीयो से आशीर्वाद लिया गया।

सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद आबिद अली मीर ने जानकारी देते बताया अंतर्राष्टीय दाई दिवस एवं समाजसेवी जाहिद नूर एडवोकेट के जन्मदिन पर सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा महाकाल मार्ग स्थित अपंग आश्रम में आश्रम वासीयो को दूध, ब्रेड का वितरण किया गया। साथ ही आश्रम वासीयो के साथ समय बिताया गया और आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर अतिथि समाजसेवी शकैब कुरैशी ने कहा आज अंतर्राष्टीय दाई दिवस पर सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी का आयोजन सराहनीय कार्य है। हमें जन्म देने वाली मां के बाद दूसरी सबसे बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका दाई मा की रहती है। दाई मां के महान योगदान के लिए सन 1991 से दाई अंतर्राष्टीय दिवस मनाया जाता है। इसी श्रृंखला में सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आज यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। अपंग आश्रम वासीयो से उनका हाल-चाल जाना गया और उनसे आशीर्वाद लिया गया। आश्रम वासीयो से कहा कि आपको किसी भी चीज की आवश्यकता हो तो हमें अवश्य बताएं। इस अवसर पर महाकाल शयन आरती के सदस्य चेतन ठक्कर, शिक्षाविद सादिक मंसूरी, मार्गदर्शक इकबाल उस्मानी, नगर के प्रसिद्ध फोटोग्राफर शकील गुट्टी, समाज सेवी आजम खान, शकिर शेख, गंगाधर महा, प्रदेश के ख्यात नाम शायर सुर्खाब बशर, मध्य प्रदेश हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी इकबाल हुसैन ने आश्रम वासीयो को दूध ब्रेड का वितरण किया।

## उज्जैन के जयादित्य मित्तल ने गोल्ड, वानधी ने सिल्वर, शिवांश ने जीता ब्रॉन्ज मेडल



उज्जैन। विदिशा में हुई 58वीं सब जुनियर मध्य प्रदेश स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 में उज्जैन के जयादित्य मित्तल ने गोल्ड मैडल प्राप्त किया।

कोच योगेश बंदेवार ने बताया कि चैम्पियनशिप में वानधी चौधरी को सिल्वर मैडल और शिवांश पाल को ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ। यह तीनों खिलाड़ी महानंदा विक्रमादित्य बैडमिंटन क्लब में कोच शैलेंद्र मिश्रा, जितेंद्र मुकाती, योगेश बंदेवार के पास प्रशिक्षण ले रहे हैं।

# सेन जी महाराज की जयंती पर अस्पताल में फल वितरण किया



उज्जैन। संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 724वीं जयंती के उपलक्ष्य में सर्व श्री सेन समाज संगठन के तत्वाधान में जिला अस्पताल में मरीजों को फल का वितरण किया गया। इस अवसर पर मंगेश कश्यप,राजेंद्र कश्यप, सुरेश सोलंकी, महेंद्र सेन दाऊ, मोहनलाल, वर्मा, शरद सेन, सोनू सेन, आशीष वर्मा, सुरेंद्र सेन आदि मौजूद थे। सेन समाज के सदस्यों ने कहा कि सेन महाराज की जंयती पर समाज लगातार लोगों के हित में काम कर रहा है। समाज एकजुट होकर विभिन्न कुरीतियों के खिलाफ भी काम करता रहता है। ताकि समाज के सभी लोगों को लाभ मिल सके।

# नारी जो सावधान रहे तो इस युग में भी फिर से राम कृष्ण आ सकते हैं– श्री गिरि बापु महाराज



उज्जैन। बच्चों के मन में बैर, बदले की भावना नहीं भरनी चाहिये, कुटुंब परिवार में कितना ही विवाद हो पर उनके प्रति बच्चों के कान में कभी जहर नहीं भरे, कभी बच्चे में ईर्ष्या के भाव नहीं भरें। नारी जो सावधान रहे तो इस युग में भी फिर से राम कृष्ण आ सकते हैं। गर्भ के समय जो मां सोचती है, विचारती है सब कुछ बच्चे पर असर पड़ता है। कभी कोई आपके साथ बुरा व्यवहार करे, आप भूल जाईयेगा, आनंद मिलेगा, बदले की भावना मन में रही तो आप जिंदगी भर जलते रहोगे। कोई ऐसा व्यवहार करे जो जिंदगी भर नहीं भूल पाओ उसे भी दिल से डिलिट कर दीजिये, ये प्रकृति किसी को नहीं छोड़ती, ये प्रकृति 10 गुना बदला लेती है, आप छोड़ दीजिये प्रकृति बदला ले लेगी।

उक्त बात शिव महापुराण कथा के नवें दिन श्री गिरि बापु महाराज ने कही। हरसिद्धि माता मंदिर के पीछे नृसिंह घाट रोड़ स्थित झालरिया मठ पर आयोजित शिव महापुराण कथा में महाराजश्री ने ओंकारेश्वर महादेव की महिमा के गुणगान से 12 ज्योतिर्लिंग की कथा प्रारंभ की तथा केदारेश्वर, भीमाशंकर, विश्वेश्वर (विश्वनाथ), त्र्यंबकेश्वर, वैद्यनाथ, नागेश्वर, रामेश्वर, घुष्मेश्वर (घृष्णेश्वर) महादेव की कथा सुनाई। महाराजश्री ने कहा जीवन में सितारे की तरह चमकना है, जिस काम में आप हैं, उसमें समर्पण कर दीजिये। कर रहा हूं, कर लूंगा के भरोसे रहे तो लुटिया डूब जाएगी। जिस क्षेत्र में काम कर रहे हें, ये ही आपका भगवान है, संपूर्ण उसमें खो जाईये जिस काम में है वो काम करें उसे संपूर्ण प्रेम करें, गहराई से करें, भाव से करें, सफल हो जायेंगे। जिस कार्य में भाव नहीं मिलता उसमें भगवान कभी मदद नहीं करता। महादेव की दुनिया केवल भाव से भरी हुई है, माला हो, पूजा हो न हो, मन में भाव होना चाहिये शिवजी की दुनिया भाव प्रधान है। हमारा प्रयास होना चाहिये जो भी हमारे पास आए सकारात्मक उर्जा मिले, हमारी नेगेटिव उर्जा नहीं होनी चाहिये सबके प्रति सुख और कल्याण का भाव रखें। अहंकारी लोगों के सामने कभी कुछ नहीं बोलना चाहिये, चुप रहने में ही भलाई है। जिनके जीवन में सत्संग नहीं जीवन जहर है, सत्संग हमारे लिये अमृत है, थोड़ी देर के लिये ही सही सत्संग करो, श्रेष्ठ पुस्तकों का, श्रेष्ठ ग्रंथों का वाचन करो। श्रेष्ठ महापुरूषों के साथ रहो। जीवन में जो भी खेल है, मन का खेल है।

# मैकेनिक मिलन समारोह में निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने वाले मैकेनिकों का किया सम्मान



उज्जैन। ऑटोमोटिव सेक्टर में अग्रणी लब्रिकेंट निर्माता कंपनी एसरॉन इंडस्ट्रीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अबिका एलीट होटल में मैकेनिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कंपनी द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने वाले मैकेनिकों को आकर्षक पुरस्कार दिये गये। इस मिलन समारोह में उज्जैन व आसपास के क्षेत्रों के मैकेनिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

एसरॉन इंडस्ट्रिज द्वारा 3 रॉयल एनफील्ड की बुलेट मोटर साइकिल, 29 होंडा शाइन मोटरसाइकिल व 127 स्मार्ट फ़ोन पुरस्कार में वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त आयोजन में शामिल सभी प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार भी दिए गए। कंपनी के मार्केटिंग डायरेक्टर रजनीश यादव ने कंपनी की विगत वर्ष में उपलब्धियों की जानकारी दी तथा भविष्य की योजनाओं की रूपरेखा साँझा की। कंपनी के सीईओ राहुल कौशिक ने विभिन्न उत्पादों की विशिष्टताओं से अवगत करवाया और कंपनी द्वारा चलाई जा रही स्कीमों का वर्णन किया। कंपनी एसरॉन इंडस्ट्रीज के सभी अधिकारियों द्वारा स्थानीय डिस्ट्रीब्यूटर राज ऑटो एजेंसी के राज राझानी द्वारा कंपनी के उत्पादों की मार्केटिंग के लिए किये गये अथक प्रयासों की सराहना की गई।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com